5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 अगस्त 2025

अंक : 510

## निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे VNIT, नागपुर द्वारा सम्मानित




वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा MECL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री इंद्र देव नारायण को VNIT, नागपुर में एक विशेष सम्मान समारोह के दौरान, VNIT के निदेशक प्रो. प्रेमलाल पटेल के हाथों सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें खनन एवं मानव संसाधन क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान तथा सार्वजनिक उपक्रमों में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है।

डॉ. हेमंत शरद पांडे ने वर्ष 1989 में VNIT के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग से बी.टेक की उपाधि प्राप्त की थी वहीं श्री इंद्र देव नारायण, 1990 बैच के छात्र रहे। सम्मान समारोह में डॉ. पांडे ने भावुक होकर अपने कॉलेज के दिनों को याद किया तथा VNIT को इस सम्मान हेतु आभार प्रकट करते हुए कहा कि "यह सम्मान उनके जीवन की अमूल्य धरोहर है।"

इस अवसर पर VNIT के निदेशक प्रो. प्रेमलाल पटेल, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. ए. के. अग्रवाल, पूर्व विभाग प्रमुख प्रो. आई. एल. मुथरेजा, संकाय सदस्य डॉ. अनुपम खेर, श्री राजेंद्र येरपुडे, श्री निरंजन थोरे अन्य प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य, पूर्व छात्रगण, VNIT अलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री शशीकांत चौधरी तथा कार्यकारी निदेशक श्री जोगिंदर सिंह सोंध तथा कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्री सतीश गबाले ने आभार प्रदर्शन किया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-2) की छमाही समीक्षा बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) की छमाही समीक्षा बैठक एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता श्री जे. पी. द्विवेदी, अध्यक्ष, नराकास (का.-2) एवं सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने की।

बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (मानव संसाधन), वेकोलि, श्री अनिल कुमार, डीआईजी, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल तथा श्री ओंकार मोघे, रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (वायुसेना) उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए नराकास (का.-2) के अध्यक्ष एवं सीएमडी डब्ल्यूसीएल श्री जे. पी. द्विवेदी ने कहा कि हिंदी भाषा देश की अखंडता में अपनी सार्थक भूमिका निभाती है। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को आवश्यक बताते हुए सभी सदस्य कार्यालयों को अधिक-से-अधिक कार्य राजभाषा हिन्दी में करने और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस दिशा में सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक इस्तेमाल पर बल दिया।



इस अवसर पर डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (मानव संसाधन), वेकोलि ने अपने उद्बोधन में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी विजेता कार्यालयों को बधाई दी साथ ही नराकास-2 की गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम में श्री अनिल कुमार, डीआईजी, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल तथा श्री ओंकार मोघे, रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (वायुसेना) ने भी अपने विचार रखे। नराकास के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट तथा विश्लेषण श्री पी. नरेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) ने प्रस्तुत की।



बैठक में जुलाई से दिसंबर 2024 के दौरान धारा 3(3) का अनुपालन, हिंदी पत्राचार, हिंदी कार्यशाला आयोजन आदि की समीक्षा की गई। इसी अंतराल में आयोजित नराकास-2 की प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए सदस्य कार्यालयों को पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन तथा द्वितीय पुरस्कार वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड को दिया गया। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों की गृह-पत्रिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

बैठक में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार संबंधी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई एवं आम सहमति बनी। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में नराकास (का.-2) के सदस्य कार्यालयों / विभागों के प्रमुख सहित सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी, अनुवाद अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन औद्योगिक संबंध विभाग की श्रीमती पूजा मडावी एवं राजभाषा विभाग के श्री दीपक सिंह चौहान ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव, नराकास श्री अतूल बनसोड ने किया।

ज्ञात हो कि नराकास नागपुर (का.-2) के अंतर्गत नागपुर के केन्द्रीय सरकार के कार्यालय एवं उपक्रम आते हैं। नराकास इन कार्यालयों के हिंदी राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा करता है साथ ही हिंदी भाषा के व्यापक इस्तेमाल हेतु आवश्यक सहायता भी प्रदान करता है। नराकास, हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए नागपुर नगर में निरंतर क्रियाशील रहता है।




## श्री आनंदजी प्रसाद ने संभाला निदेशक तकनीकी (संचालन) का अतिरिक्त पदभार




निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री ए. के. सिंह की सेवानिवृत्ति पर निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद ने दिनांक 01.08.2025 को निदेशक तकनीकी (संचालन) का अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया। श्री आनंदजी प्रसाद 21.01.2025 से वेकोलि के निदेशक तकनीकी के तौर पर कार्यरत है।

श्री प्रसाद को कोल माइनिंग उद्योग में 36 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। उन्होंने आई.आई.टी- खड़गपुर से वर्ष 1989 में खनन इंजीनियर में स्नातक की पढ़ाई पूर्ण करने के उपरान्त उसी वर्ष कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी, सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिज़ाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (CMPDI) में अपने करियर की शुरूआत की।

कोयला एवं धातु खदानों की योजना, डिजाइन के साथ-साथ कोयला खदान संचालन तथा प्रबंधन में विविध अनुभव वाले श्री प्रसाद की कोल इंडिया एवं कोयला मंत्रालय के लिए कई नीतियों, रोडमैप, विजन दस्तावेजों के निर्माण में प्रमुख भूमिका रही हैं।

## वेकोलि में सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में दिनांक 18.08.2024 को सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। वेकोलि मुख्यालय में आयोजित सतर्कता जागरूकता अभियान के उद्घाटन समारोह में श्री जे. पी. द्विवेदी, सीएमडी, वेकोलि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में श्री जे. पी. द्विवेदी ने कहा कि कंपनी के दैनिक कार्यों में पारदर्शिता बरतने से न केवल हम अपने कार्य को नियमानुसार पूर्ण करते है बल्कि राष्ट्र के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाते है। उन्होंने निवारक सतर्कता पर जोर देते हुए कहा कि सतर्कता कार्यप्रणालियों में पारदर्शिता, दक्षता और ईमानदारी सुनिश्चित करने का एक सतत प्रयास होना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि कंपनी के नियमों का पालन करते हुए अपना कार्य जागरूकता पूर्वक करें।

मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने अपने उद्बोधन में सतर्कता जागरूकता अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा ईमानदारी वेकोलि के मूल सिद्धांत है तथा इन्हें बल प्रदान करने हेतु सतर्कता विभाग निरंतर कार्यशील रहता है। उन्होंने कहा कि मुख्य सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार वेकोलि में 18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025 तक निवारक सतर्कता पर केन्द्रित, सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत कैपेसिटी बिल्डिंग, प्रणालीगत सुधार, एसेट मैनेजमेंट, शिकायतों का निपटान आदि पर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना एवं परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद तथा निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे की प्रमुख उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री मनोज कुमार गुप्ता ने किया। समारोह में विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







## कृषि उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य के लिए खदान के पानी का उपयोग - सीएमडी श्री जे पी द्विवेदी



वेस्टर्न कोलफिलेड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री जे पी द्विवेदी ने आईसीएआर-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो के 49वें स्थापना दिवस पर सभी को बधाई दी। ब्यूरो के 49वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में श्री द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कृषि उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य के लिए पंप किए गए खदान के पानी के उपयोग पर जोर दिया। इसी तरह, उचित उपचार के बाद कृषि और कृषि वानिकी के लिए खदान के पानी के उपयोग की बहुत गुंजाइश है, जिससे एक संभावित अपशिष्ट उत्पाद सिंचाई और अन्य उद्देश्यों के लिए एक मूल्यवान संसाधन में बदल सकता है। इससे कार्बन पृथक्करण और पर्यावरण सुरक्षा समृद्ध होगी। उन्होंने उर्वरक की खपत पर मिट्टी के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए कार्बन-लेपित यूरिया के उपयोग की गुंजाइश का भी उल्लेख किया। इस आयोजन के दौरान, 10 प्रकाशनों का विमोचन किया गया।

## कर्मियों के नन्हे-मुन्नों के लिए बल्लारपुर क्षेत्र में अत्याधुनिक क्रेच सुविधा का शुभारंभ



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमीटेड (वेकोलि) के बल्लारपुर क्षेत्र में अपने कर्मचारियों के नन्हे-मुन्नों के लिए अत्याधुनिक क्रेच सुविधा का शुभारंभ किया है।

क्रेच का उद्घाटन वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के हाथों संपन्न हुआ। बल्लारपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में निर्मित यह यह क्रेच सुविधा सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि कर्मचारियों के कल्याण, कार्य-जीवन संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य को प्राथमिकता देने वाली एक सोच का प्रतीक है।

इस क्रेच में बच्चों को सुरक्षित, स्नेहमय और प्रेरणादायी वातावरण मिलेगा, जहाँ वे सीखेंगे, खिलेंगे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे

## वेकोलि में "Preventive Health Care/Awareness" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

कोल इंडिया लिमिटेड की प्रशिक्षण एवं विकास नीति अंतर्गत वेकोलि में चिकित्सा एवं मानव संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "Preventive Health Care/Awareness" विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया।

डॉ. जयेश तिमाने (एम.बी.बी.एस, डी.एन.बी, इंटरनल मेडिसिन), वरिष्ठ कंसलटेंट (फिजिशियन) ने कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में चिकित्सा एवं मानव संसाधन विभाग की प्रमुख भूमिका रही।






वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटस्, नागपुर द्वारा मुद्रित।